तेरा नाम है बड़ा संसार में

माँ शेरों वाली, यह भक्तों ने माना, है सब का ठिकाना, माँ तेरे दरबार में,
तेरा नाम है बड़ा संसार में |

मन मे बसा के मैया मूरत तुम्हारी, भक्त जयकारे गाते हैं |
ऊँची नीची मैया राहों से चल के , तेरे द्वारे आतें हैं |
शरण मे जो माँ आये तेरी, ममता मांगे तेरी ||
जोता वाली, तू करती रखवाली, जो आता है दरबार मे,
तेरा नाम है बड़ा संसार में ||

तीनो लोको मे मैया नाम है तुम्हारा, सब तेरा गुणगान करे |
निस दिन तुमको शीश नवा के पूजा सुबहो श्याम करे |
तेरे गूंजे जयकारे, तुम को भक्त पुकारे ||
शेरों वाली, तू रुक नहीं पाती, माँ दोडी चली आती, भक्तो की पुकार मे ||
तेरा नाम है बड़ा संसार में ||

मैया मै तरसा दया को तुम्हारी, तूं तो करुना बरसाए |
तू जगजननी माँ जगदम्बे, तू ममता मई कहलाये |
भूल को मैया मेरी भुलाना, मेरी बिगड़ी बनाना ||
अम्बे रानी, माँ तू है मेहरां वाली, यह मेरी नैया रुकी, आके मझदार मे |
तेरा नाम है बड़ा संसार में ||

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/87/title/maa-sheron-waali-yeh-bhakto-ne-maana-hai-sab-ka-thikaana-tere-darbaar-me--tera-naam-hai-bada-sansaar-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |